mycity

# न्यूज कैप्सूल

## जल जीवन मिशन में जिले की सराहना

**रायबरेली।** भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय की ओर से संचालित जल जीवन मिशन के तहत नई दिल्ली में बीती 15 अप्रैल को आयोजित पेयजल संवाद के कार्यक्रम में जिले की सराहना हुई है। डीएम हर्षिता माथुर को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित संवाद में डीएम ने जिले की प्रगति को लेकर प्रस्तुति की थी। उन्होंने बताया कि प्रशासन का उद्देश्य हर ग्रामीण परिवार को शुद्ध पेयजल सुनिश्चित करना है। संवाद

my city
अमर उजाला
सूर्योदय सुबह 5.37
सूर्यास्त शाम 6.33
स्थानीय समयानुसार
42.5° temperature 22.4°
लखनऊ | मंगलवार | 21.04.2026
वैशाख शुक्ल-पंचमी, विक्रम संवत-2083
amarujala.com/lucknow
रायबरेली



4

mycity

## न्यूज कैप्सूल

### जल जीवन मिशन में जिले की सराहना

**रायबरेली।** भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय की ओर से संचालित जल जीवन मिशन के तहत नई दिल्ली में बीती 15 अप्रैल को आयोजित पेयजल संवाद के कार्यक्रम में जिले की सराहना हुई है। डीएम हर्षिता माथुर को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित संवाद में डीएम ने जिले की प्रगति को लेकर प्रस्तुति की थी। उन्होंने बताया कि प्रशासन का उद्देश्य हर ग्रामीण परिवार को शुद्ध पेयजल सुनिश्चित करना है। संवाद

# साइबर अपराधियों का ठिकाना नोएडा और बंगाल

**सेवानिवृत्त सूबेदार से 82.50 लाख की ठगी का मामला, तीन प्रांतों में जांच कर रही पुलिस**

संवाद न्यूज एजेंसी

**रायबरेली।** शहर के एक रिटायर्ड सूबेदार और उनकी पत्नी को डिजिटल अरेस्ट कर 82.50 लाख रुपये हड़पने वाले अंतरराज्यीय गिरोह की तलाश तेज हो गई है। पुलिस की जांच में यह खुलासा हुआ है कि ठगों ने नोएडा और पश्चिम बंगाल को ठिकाना बना रखा है।

एसपी अभिषेक अग्रवाल के निर्देश पर साइबर सेल, सदर कोतवाली और एसओजी की तीन टीमें संदिग्ध राज्यों में गिरफ्तारी के लिए भेजी गई हैं।

बीते 11 अप्रैल से 16 अप्रैल तक साइबर अपराधियों ने खुद को सीबीआई अफसर बताकर बुजुर्ग दंपती को उनके ही घर में डिजिटल अरेस्ट रखा। ठगों ने सूबेदार को धमकाया कि उनके पास अवैध संपत्ति है और उनके संबंध आतंकवादियों से हैं।

**फॉलोअप**

परिवार को जेल भेजने की धमकी देकर डराया गया और किस्तों में कुल 82 लाख 50 हजार रुपये ऐंठ लिए गए। 16 अप्रैल को जब पीड़ित ने पुलिस से संपर्क किया, तब इस बड़ी साजिश का पर्दाफाश हुआ। पुलिस ने तत्काल 31 लाख रुपये बैंक खातों में होल्ड करा दिए थे। रिटायर सूबेदार और उनकी पत्नी के साथ हुई ठगी के मामले में साइबर क्राइम थाना, सदर कोतवाली और एसओजी टीम को साइबर अपराधियों की धरपकड़ के लिए लगाया गया है।

यह पुलिस टीमें नोएडा, पश्चिम बंगाल समेत अन्य संभावित प्रांतों में जाकर साइबर अपराधियों के बारे में पता लगाएंगी। दरअसल, रिटायर सूबेदार से इंडस एंड बैंक नोएडा और यस बैंक बैरकपुर ब्रांच पश्चिम बंगाल के खातों में कई बार में रुपया मंगाया गया था।

पुलिस यह भी जानने का प्रयास कर रही है कि इन दोनों खातों से रुपया निकाला गया या फिर अन्य कहीं खातों में भेजा गया है। इसका संचालन कौन कर रहा है। इनका सरगना कौन है।

> **पुलिस की तीन टीमें गठित**
>
> रिटायर सूबेदार और उनकी पत्नी के साथ हुई 82 लाख की ठगी के मामले में साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए तीन पुलिस टीमें गठित की गई हैं। पुलिस टीमें साइबर अपराधियों की धरपकड़ में जुटी हैं, जिन्हें जल्द पकड़ा जाएगा। -रवि कुमार, पुलिस अधीक्षक




## बाइक फिसलने से युवक के सिर पर लगी चोट, मौत

**सलोन।** मीरजहांपुर निवासी मोहम्मद हसन (27) मुंबई में कपड़ा सिलाई का काम करता है। पांच दिन पूर्व वह मुंबई से घर लौटा था। सोमवार की शाम युवक किसी काम से सलोन कस्बे के लिए बाइक से निकला था। ख्वाजापुर गांव के समीप तेज बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई। जिससे युवक के सिर में गंभीर चोट आ गई। युवक ने हेलमेट नहीं लगा रहा था। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में बाइक सवार की मौत हो गई। (संवाद)

# जांच में बीमार निकली दर्द

## पुलिस मुठभेड़ में

# गर्मी ने दिखाए तीखे तेवर